पुटकाडीह और रुकाम में खोला गया दाल-भात केंद्र

पेटरवार। प्रखंड की प्रदान संस्था एवं भारती महिला संघ ने मध्य विधालय पुटकाडीह में शुक्रवार को दाल भात केंद्र खोला।

जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने लोगों से अपील की कि अगर कोई भी भूखा दिखे तो तुरंत दाल भात केंद्र भेजें। वहीं, उपेल महिला मंडल ने चरगी पंचायत अंतर्गत रुकाम ग्राम में भी दाल भात केंद्र शुक्रवार से शुरू किया। मौके पर उलगढ़ा पंचायत की मुखिया करमी देवी, पंचायत समिति सदस्य अनिता देवी, कौशर हाशमी, प्रदान से हिमांशु निगम, रंजीत कुमार महतो, नंदलाल महतो, अनुज कुमार महतो, शांति देवी, कल्पना देवी, उर्मिला देवी, सोनाली देवी, जागृति महिला मंडल के मीरा देवी, सुनीता देवी, मिशिला देवी, चिंता देवी, कलावती देवी मौजूद रहीं।